# कार्यालय अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन,वाराणसी ।

दिनांक- 11.06.2025

## प्रेस - नोट

### “हिस्से से अधिक भूमि रजिस्ट्री करने पर प्राथमिकी दर्ज की गयी”

जनपद भदोही के थाना सुरियांवा अन्तर्गत ग्राम खरगपुर निवासनी पीड़िता द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, कार्यालय में उपस्थित होकर अवगत कराया गया कि आवेदिका के चचेरे भाई अनवेष कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 11.04.2025 को शैलेष कन्नौजिया तथा संदीप कन्नौजिया निवासी ग्राम खरगपुर की पत्नियों के नाम षडयंत्र करके अपने हिस्से से अधिक आवेदिका व उनके माँ के नाम की जमीन रजिस्ट्री कर दी गयी । इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक भदोही को करने पर आवेदिका के माँ के मोबाइल फोन पर विपक्षियों द्वारा हरिजन उत्पीड़न में फसा कर जेल भेजने की धमकी देते हुए सम्पूर्ण भूमि पर कब्जा करने की बात कही गयी । आवेदिका की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 10.06.2025 को थाना सुरियांवा पर 05 अभियुक्तों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया है । जिसकी विवेचना प्रचलित है ।

**सोशल मीडिया सेल**
**अपर पुलिस महानिदेशक**
**वाराणसी जोन, वाराणसी ।**